पत्रिकाओं का प्रकाशन

1140. श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभाग द्वारा कौन-कौन सी पत्रिकाएं नियमित रूप से प्रकाशित की जाती हैं और उन पत्रिकाओं के नाम क्या हैं जिनका प्रकाशन समय पर नहीं होता है ;

(ख) इन पत्रिकाओं के प्रकाशन में विलंब के क्या कारण हैं और उनके समय पर कब तक प्रकाशित होने की संभावना है ;

(ग) इन पत्रिकाओं के प्रकाशन में विलंब के लिए कौन-कौन से व्यक्ति जिम्मेदार हैं और उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ; और

(घ) क्या यह सच है कि हिन्दी पत्रिकाओं के लिए कोई स्वतंत्र संपादक नहीं है और स्टाफ भी अपर्याप्त है तथा उन्हें दूसरों की तुलना में कम वेतन दिया जाता है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री बी० एन० गाडगिल) : (क) और (ख) सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रकाशित की जाने वाली पत्रिकाओं के नाम संलग्न विवरण में दिए गए हैं (नीचे देखिए)। इन सभी पत्रिकाओं का प्रकाशन नियमित रूप से हो रहा है, सिवाए इसके कि पिछले कुछ महीनों के दौरान "आजकल" (हिन्दी) तथा "कुरुक्षेत्र" (हिन्दी) और (अंग्रेजी) के कतिपय अंकों के प्रकाशन में कुछ विलम्ब हुआ है जिसका मुख्य कारण अनुबंधित मुद्रकों द्वारा श्रमिक समस्याओं का सामना किया जाना बताया गया है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) "रोजगार समाचार" को छोड़ कर जिसके लिए एक सह-सम्पादक दिया हुआ है जो प्रधान संपादक के अधीन काम करता है, प्रकाशन विभाग द्वारा प्रकाशित की जाने वाली अन्य सभी हिन्दी पत्रिकाओं के लिए एक-एक स्वतंत्र सम्पादक उपलब्ध किया हुआ है । आकाशवाणी द्वारा प्रकाशित की जाने वाली भाषायी पत्रिकाओं, जिनमें हिन्दी की पत्रिकाएं भी शामिल हैं; का पर्यवेक्षण प्रधान सम्पादक द्वारा किया जाता है जिनकी सहायता प्रत्येक भाषायी पत्रिका के लिए सह सम्पादक द्वारा की जाती है । हिन्दी पत्रिकाओं को उपलब्ध किए गए स्टाफ को पर्याप्त समझा जाता है । हिन्दी तथा अंग्रेजी की पत्रिकाओं के लिए कार्यरत समान रैंक के स्टाफ के वेतन में भी किसी प्रकार का भेदभाव नहीं है ।

विवरण

क. प्रकाशन विभाग द्वारा प्रकाशित की जाने वाली पत्रिकाएं :

1. आजकल-हिन्दी
2. आजकल—उर्दू
3. बाल भारती
4. इंडियन एण्ड फारेन रिव्यू
5. कुरुक्षेत्र—अंग्रेजी
6. कुरुक्षेत्र—हिन्दी
7. योजना—असमिया
8. योजना—बंगला
9. योजना—अंग्रेजी
10. योजना—गुजराती
11. योजना—हिन्दी
12. योजना—मराठी
13. योजना—मलयालम
14. योजना—तमिल
15. योजना—तेलुगु
16. योजना—उर्दू
17. योजना—कन्नड़
18. योजना—पंजाबी
19. एम्पलायमेंट न्यूज—अंग्रेजी
20. रोजगार समाचार—हिन्दी
21. रोजगार समाचार—उर्दू

ख. आकाशवाणी द्वारा प्रकाशित की जाने वाली पत्रिकाएं :

22. आकाशवाणी—अंग्रेजी
23. आकाशवाणी—हिन्दी
24. आवाज—उर्दू
25. वनोली—तमिल
26. इंडिया कालिंग—अंग्रेजी